नोटिस बैनर टीएमबीयू में छात्र दरबार आज, डेढ़ सौ से अधिक डिग्री का होगा वितरण.

prabhatkhabar.com

Dr. Juneja's EYE Mantra®

दीजिए अपनी आँखों को कुदरती आई मंत्रा

प्रयोग विधि : 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।

12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com

कैंपस बाइट्स

सबौर कॉलेज में सुविधा बढ़ाने पर हुई चर्चा

सबौर. सबौर महाविद्यालय के नए प्राचार्य प्रो डॉ संजय कुमार झा ने कॉलेज परिसर का निरीक्षण करने के बाद विभागों के अध्यक्षों से समस्याओं की जानकारी लेने के बाद महाविद्यालय विकास समिति की बैठक की गई. जिसमें विश्वविद्यालय की ओर से सीसीडीसी और अभियंता शामिल हुए. निर्णय लिया गया कि तत्काल महाविद्यालय भवन के सभी फ्लोर पर शौचालय की व्यवस्था, कुछ जगहों पर दिव्यांगजनों के लिए रैंप की व्यवस्था, सफाई, पेयजल की व्यवस्था की जायेगी. इसके साथ ही पुराने बेंच- डेस्क की जगह नए बेंच -डेस्क की व्यवस्था एवं कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये. महाविद्यालय के शिक्षक डॉ नाज परवीन, डॉ पारस मणि झा, डॉ राकेश रंजन, डॉ मणिलाल पासवान, डॉ रंजन, डॉ सहायबुद्दीन,डॉ अनीता, डॉ अभिषेक,डॉ सत्येंद्र, डॉ मेघा, डॉ आनंद, डॉ रवि शंकर मिश्रा, डॉ राजीव पोद्दार, डॉ बी नूरजहां, डॉ मयंक वत्स आदि ने इन फैसलों पर हर्ष व्यक्त किया है.

टीएमबीयू में छात्र दरबार आज, मिलेगी डिग्री

भागलपुर. टीएमबीयू के सीनेट हॉल में शनिवार को छात्र दरबार आयोजित किया जायेगा. करीब डेढ़ सौ से ज्यादा छात्र-छात्राओं को डिग्री सहित अंकपत्र आदि दिये जायेंगे. परीक्षा नियंत्रक प्रो विनोद कुमार ओझा ने कहा कि पिछली बार अवकाश के कारण छात्र दरबार का आयोजन नहीं हो सका था.

टीएमबीयू में छह को क्वार्टर आवंटन समिति की बैठक

भागलपुर. टीएमबीयू में छह जुलाई को क्वार्टर आवंटन समिति की बैठक होगी. इसमें डीन प्रो सुदामा यादव, सदस्य सचिव के रूप मे प्रॉक्टर डॉ मुकेश कुमार सिंह हैं. जबकि डीएसडब्ल्यू अध्यक्ष के रूप में प्रोक्टर डॉ रामाशीष पूर्व सदस्य है. विशेष आमंत्रित सदस्य में भूटा के सचिव एवं विधि इंजीनियर शामिल होंगे. बैठक में क्वार्टर को लेकर आये आवेदन पर विचार किया जायेगा.

पीजी गर्ल्स हॉस्टल दो में पेयजल संकट

भागलपुर. टीएमबीयू के लालबाग प्रोफेसर कॉलोनी स्थित पीजी गर्ल्स हॉस्टल दो की छात्राएं पानी के संकट से जूझ रही है. बताया जा रहा कि हॉस्टल का आरओ सिस्टम खराब रहने के कारण पेयजल का संकट हो गया है. छात्राओं ने वार्डन डॉ इंदु कुमारी को मामले से अवगत कराया है. इसे लेकर वार्डन ने डीएसडब्ल्यू कार्यालय को लिखित में जानकारी दी है, उन्होंने आवेदन में कहा है कि केंट टौक नहीं होने के कारण छात्राओं को पेयजल का संकट हो गया है. प्रथम तल पर दो व निचले तल पर दो नये आरओ सिस्टम की अविलंब जरूरत है.

एससी-एसटी विद्यार्थियों से लिये गये शुल्क होंगे वापस

भागलपुर. टीएनबी कॉलेज में नामांकन के समय जिन एससी-एसटी विद्यार्थियों और सभी वर्ग की छात्राओं से लिया गया शुल्क वापस करने की प्रक्रिया शुरू की गयी है. कॉलेज प्राचार्य डॉ दीपो महतो ने पत्रकार जारी कर कहा कि सात दिनों के भीतर संबंधित विद्यार्थी व छात्राएं अपना आवेदन भरकर कॉलेज के काउंटर नंबर पांच पर सहायक विलास कुमार के पास जमा करायें. इसके बाद शुल्क वापसी की जायेगी.

डॉ प्रभाष चंद्र बने शिक्षक प्रतिनिधि

भागलपुर. शारदा झुनझुनवाला महिला कॉलेज में डॉ प्रभाष चंद्र निर्वेरीध शिक्षक प्रतिनिधि चुने गये हैं. इसकी जानकारी कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि वे पांचवीं बार निर्वेरीध शिक्षक प्रतिनिधि बने हैं.

राय हरिमोहन ठाकुर उच्च विद्यालय को मॉडल स्कूल बनाने का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा

भागलपुर. जिले में चार नये सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूलों के चयन को लेकर शिक्षा विभाग ने प्रस्ताव में संशोधन किया है. पहले भेजी गयी सूची में शामिल मारवाड़ी पाठशाला के स्थान पर अब राय हरिमोहन ठाकुर उच्च विद्यालय को मॉडल स्कूल बनाने का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा गया है. विभागीय अधिकारियों के अनुसार विद्यालयों का चयन आधारभूत संरचना, पर्याप्त भूमि, भवन की स्थिति, अतिरिक्त क्लास रूम की उपलब्धता, प्रयोगशाला, खेल मैदान व भविष्य में विस्तार की संभावना के मानकों के आधार पर किया गया है. उन्हीं बिंदुओं पर तैयार विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर संशोधित प्रस्ताव अंतिम रूप देकर मुख्यालय भेजा गया है. बताया जा रहा कि नये प्रस्ताव में शहरी क्षेत्र में राय हरिमोहन ठाकुर उच्च विद्यालय बरारी, मोक्षदा बालिका इंटर विद्यालय, टीएनबी कॉलेजिएट स्कूल व एसएस बालिका उच्च विद्यालय को सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल में विकसित किया जायेगा. इससे पहले जिला स्कूल को मॉडल स्कूल का दर्जा दिया जा चुका है.

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, वीसी पर अमर्यादित टिप्पणी का मामला

जेपी कॉलेज के प्राचार्य से शोकॉज 24 घंटे के भीतर मांगा जवाब

वरीय संवाददाता, भागलपुर

जेपी कॉलेज नारायणपुर के प्राचार्य डॉ इमरान खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. टीएमबीयू प्रशासन ने इसपर संज्ञान लेते हुए प्राचार्य के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की शुरू कर दी है. विवि के प्रभारी कुलपति प्रो विमलेंदु शेखर झा के आदेश पर प्रभारी रजिस्ट्रार प्रो रंजना दुबे ने शोकॉज किया है. प्राचार्य से 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा गया है. प्राचार्य पर नियमित रूप से कॉलेज में उपस्थित नहीं होने का आरोप लगा है. साथ ही छात्र हित व कॉलेज के प्रशासनिक कार्यों की उपेक्षा करने का भी आरोप है.

प्रभारी कुलपति को लेकर आपत्तिजनक व अमर्यादित टिप्पणी का आरोप : विवि से जारी शोकॉज में कहा है कि दो जुलाई को विवि प्रशासन के संज्ञान में वायरल वीडियो के माध्यम से प्राचार्य द्वारा प्रभारी कुलपति के संबंध में आपत्तिजनक एवं अमर्यादित टिप्पणी सामने आया है. कहा गया है कि यह प्राचार्य पद की गरिमा के प्रतिकूल व विवि की सेवा संहिता नियम के विपरीत है. बताया जा रहा कि प्रभारी कुलपति ने मामले को लेकर कड़ी नाराजगी जताही है. विवि से कहा गया कि आदर्श सेवा संहिता के प्रतिकूल आचरण के साथ-साथ विवि के उच्च पदस्थ अधिकारी के विरुद्ध आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने के लिए 24 घंटे के भीतर जवाब सहित साक्ष्य भी दें.

संतोषजनक जवाब नहीं देने पर होगी कार्रवाई

विवि ने कहा कि निर्धारित अवधि में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर माना जायेगा कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है. ऐसी स्थिति में विवि एक पक्षीय निर्णय लेकर कार्रवाई कर सकता है. विवि अंदरखाने की मानें, तो प्राचार्य पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है.

साजिश के तहत फंसाया जा रहा है : प्राचार्य

जेपी कॉलेज के प्राचार्य डॉ खान ने कहा कि साजिश कर उन्हें फंसाया जा रहा है. लगाये जा रहे सारे आरोप गलत व बेबुनियाद है. उन्होंने कहा कि कॉलेज के एक शिक्षक द्वारा साजिश के तहत विवि अधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई करायी जा रही है. प्राचार्य ने वायरल वीडियो मामले में कहा कि एक जुलाई को कुछ छात्र संगठन के बहकावे में बोल गये थे. कुछ लोगों ने गलत उद्देश्य से वीडियो बनाकर वायरल कर दिया है. प्राचार्य ने इस पर खेद जताया है.

सीए फाउंडेशन में भागलपुर के 30 विद्यार्थी सफल, आशीष टॉपर

वरीय संवाददाता, भागलपुर

इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया से घोषित सीए फाउंडेशन मई 2026 परीक्षा परिणाम में भागलपुर के विद्यार्थियों ने बाजी मारी है. भागलपुर से परीक्षा 150 विद्यार्थियों में 30 को सफलता मिली है. शाखा का परिणाम घोषित होते ही सफल विद्यार्थियों और उनके परिजनों में खुशी की लहर है. शाखा के अनुसार आशीष कुमार ने सिटी में पहला स्थान प्राप्त किया है. जबकि स्नेहा कुमारी दूसरे व आदित्य प्रकाश तीसरे स्थान पर रहे. राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित परीक्षा में कुल 90,217 अभ्यर्थी शामिल हुए थे. इसमें 18,124 अभ्यर्थी सफल रहे. भागलपुर शाखा के अध्यक्ष सीए अभिषेक कुमार अग्रवाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दिया है. कहा कि उनकी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का नतीजा है. उन्होंने विद्यार्थियों को सीए के अगले स्तर की परीक्षा की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया. मौके पर सीए विवेक गुप्ता, नीरज केड़िया, सुमन धनधानिया, कमल किशोर आदि मौजूद थे.

लॉ की फर्जी डिग्री मामले में जब्त दस्तावेज का सत्यापन

वरीय संवाददाता, भागलपुर

दिल्ली के पूर्व कानून मंत्री जितेंद्र सिंह तोमर की टीएमबीयू से जारी लॉ की फर्जी डिग्री मामले में दिल्ली के साकेत कोर्ट में सुनवाई चल रही है. कोर्ट में विवि से जब्त दस्तावेज का सत्यापन किया जा रहा है. दस्तावेज आठ टूकों में हैं. टीएमबीयू से दिल्ली पुलिस ने जो दस्तावेज जब्त किये थे, उसकी सीजर लिस्ट पर उनका ही हस्ताक्षर है. मामले में 79 लोगों की गवाही होनी है. मामले में तोमर के वकील शनिवार को कोर्ट में पक्ष रखेंगे.

बुंदेलखंड विवि के दस्तावेज के आधार पर ही तोमर ने टीएमबीयू में लॉ में नामांकन लिया था. वहीं, टीएमबीयू के पूर्व कॉलेज इंस्पेक्टर डॉ मनीष कुमार सिंह ने बताया कि दस्तावेज का सत्यापन किया जा रहा है. दस्तावेज आठ टूकों में हैं. टीएमबीयू से दिल्ली पुलिस ने जो दस्तावेज जब्त किये थे, उसकी सीजर लिस्ट पर उनका ही हस्ताक्षर है. मामले में 79 लोगों की गवाही होनी है. मामले में तोमर के वकील शनिवार को कोर्ट में पक्ष रखेंगे.

मूल्यांकन परीक्षा का कार्यक्रम हुआ जारी

वरीय संवाददाता, भागलपुर

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद ने राज्य के सभी सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की पहली त्रैमासिक मूल्यांकन-परीक्षा के आयोजन को लेकर एसओपी जारी किया है. परिषद के निदेशक संजय आर ने जारी पत्र में कहा कि परीक्षा सात से 13 जुलाई तक निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित होगी. सभी डीईओ एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं. एसओपी के अनुसार सात जुलाई को ओआरी, आठ को विज्ञान और संस्कृत, नौ को गणित, 11 को पर्यावरण अध्ययन-सामाजिक विज्ञान व 13 जुलाई को भाषा विषयों की परीक्षा होगी. 10 और 12 जुलाई को सह-शैक्षणिक गतिविधियों का संकलन एवं रेटिंग का कार्य किया जायेगा. कक्षा एक व दो के विद्यार्थियों का मूल्यांकन मौखिक होगा. जबकि कक्षा 3 से 8 तक के छात्रों की लिखित परीक्षा ली जायेगी. प्रस्तपत्र ई-शिक्षाकोष पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराये जायेंगे. कक्षा तीन के लिए शारीरिक शिक्षा, कला एवं कल्याण विषय का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर होगा. वहीं कक्षा 6 से 8 तक के लिए शारीरिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, कंप्यूटर विज्ञान और कला विषयों का मूल्यांकन भी विद्यालय स्तर पर किया जायेगा.

छात्रावासों की मरम्मत व निर्माण का रास्ता साफ

भागलपुर. जेएलएनएमसीएच के छात्रों को बेहतर छात्रावास सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने पहल तेज कर दी है. कॉलेज के प्राचार्य डॉ संदीप लाल के आग्रह पर शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय ने बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीएमएसआईसीएल) के सचिव को पत्र भेजा है. पत्र में कॉलेज परिसर के चार छात्रावासों की स्थिति का उल्लेख करते हुए दो छात्रावासों की तत्काल मरम्मत शुरू कराने का निर्देश दिया गया है, वहीं पूरी तरह जर्जर हो चुके दो अन्य छात्रावासों को ध्वस्त कर उनकी जगह नये भवन बनाने को कहा गया है. प्राचार्य डॉ संदीप लाल ने बताया कि मुख्यालय की ओर से पत्र जारी होने के बाद जल्द ही बीएमएसआईसीएल द्वारा आवश्यक कार्रवाई शुरू होने की उम्मीद है, छात्रावासों की मरम्मत और नये निर्माण से मिडिकल छात्रों को सुरक्षित एवं बेहतर आवासीय सुविधा मिल सकेगी.

टीएनबी कॉलेज में छात्राओं के लिए सेनेटरी पैड की व्यवस्था

भागलपुर. टीएनबी कॉलेज में छात्राओं के लिए सेनेटरी पैड की व्यवस्था कर दी गयी है. कॉलेज के प्राचार्य ने शुक्रवार सूचना जारी की है. प्राचार्य डॉ दीपो महतो ने कहा है कि जिन छात्राओं को सेनेटरी पैड की आवश्यकता होगी. वे महिला कॉमन रूम की समन्वयक डॉ प्रज्ञा राय से प्राप्त कर सकती हैं. अभाविप ने एक दिन पूर्व 11 सूत्री मांगों का ज्ञापन प्राचार्य को सौंपते हुए इसकी मांग की थी.

नियुक्ति नियमावली 2026 का विरोध, जलायेंगे प्रति

अतिथि शिक्षक

वरीय संवाददाता, भागलपुर

टीएमबीयू अतिथि शिक्षक संघ ने आपात बैठक की. इसमें बिहार के विश्वविद्यालयों में स्थायी सहायक प्राध्यापक तथा संविदा आधारित फिक्स्ड टर्म फैकेल्टी की नियुक्ति को लेकर तैयार की गई नियुक्ति नियमावली 2026 को यूजीसी गाइडलाइन के विरुद्ध बताया गया. उसे अविलंब वापस लेने तथा अतिथि शिक्षकों की सेवा नियमित करने की मांग की है. बैठक में यूजीसी गाइडलाइन के अनुसार बनी नियुक्ति नियमावली 2020 के आधार पर नियुक्ति की मांग की गयी. फैसला लिया गया कि पूर्व से कार्यरत अतिथि शिक्षकों की सेवा नियमित किये जाने की मांग को लेकर शनिवार को टीएमबीयू में नियुक्ति नियमावली की प्रति जलाएंगे.

धरने पर बैठे अतिथि शिक्षक से मिलने पहुंचे विधायक रोहित पांडे.

अतिथि शिक्षकों को विधायक का समर्थन

भागलपुर. टीएमबीयू से हटाये गये 70 अतिथि शिक्षकों का धरना-प्रदर्शन 11वें दिन शुक्रवार को जारी रहा. नगर विधायक रोहित पांडेय ने धरना स्थल पहुंचकर शिक्षकों का समर्थन किया है. उन्होंने शिक्षकों की बात सुनने के बाद कहा कि उन्हें न्याय मिलना चाहिए. विधायक ने आश्वासन दिया कि अतिथि शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ स्वयं लोक भवन जाकर राज्यपाल के समक्ष मामला को रखा जायेगा. धरना पर बैठे अतिथि शिक्षक डॉ अनंत कुमार दास, डॉ अतुल समीरन, डॉ सरोज कुमार, डॉ लालिंद्र कुमार यादव, डॉ नमिता कुमारी, डॉ वैतन्य, डॉ रितु कुमारी, डॉ अपूर्व कुमार, डॉ सुमन कुमार भारती, डॉ एकांत कुमार चौधरी, डॉ सीमा कुमारी, डॉ रानी रेणु कुमारी, डॉ नीतीश कुमार भरद्वाज ने आरोप लगाया कि नियुक्ति प्रक्रिया की जांच के लिए गठित समिति निष्पक्ष नहीं थी.

नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल पदाधिकारी व कर्मियों की भूमिका की जांच शुरू

भागलपुर. टीएमबीयू में अप्रैल 2025 में बहाल 70 अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शामिल पदाधिकारी की भूमिका को लेकर जांच शुरू हो गयी है. शुक्रवार को कमेटी की पहली बैठक पीजी बॉटनी विभाग में हुई. कमेटी के संयोजक सह सीसीडीसी प्रो परसून पांडेय की अध्यक्षता में सदस्य प्रो कमल प्रसाद व प्रो एचके वीरसिया शामिल हुए. विवि अंदरखाने की मानें, तो कमेटी ने अतिथि शिक्षक नियुक्ति मामले में बनी कमेटी के पांच से अधिक पदाधिकारी की भूमिका की जांच को लेकर बिंदुवार रूपरेखा तैयार की गयी. साथ ही संबंधित दस्तावेजों को खंगाला जायेगा. इससे जुड़े दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए रजिस्ट्रार को पत्र लिखा गया है.

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय कार्यालय : तृतीय तल - शकुंतला डायग्नोस्टिक सेंटर, लाइन बाजार, पूर्णिया-854301

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए नीलामी सूचना

"परिशिष्ट- IV-A [नियम 6 (2) एवं 8 (6) के परंतुक देखें]

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6 (2) एवं 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) अधिनियम, 2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

आम जनता एवं विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं), बंधककर्ता(ओं) एवं गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास बंधक है एवं जिसका कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा, सुरक्षित लेनदार के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को नीचे उल्लिखित खातों में बकाया राशि की वसूली के लिए **'जैसा है, जहां है', 'जैसा है, जो है' एवं 'जो कुछ भी है'** के आधार पर बेचा जाएगा।

उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर/सुरक्षित संपत्ति/संपत्ति/बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, ईएमडी एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है।

अचल संपत्ति की बिक्री के लिए 30 दिन की बिक्री सूचना

क्र.सं.	शाखा का नाम एवं बिक्री सूचना की तिथि	उधारकर्ता/ गारंटर / बंधककर्ता का नाम एवं पता	अचल संपत्ति का विवरण विवरण, ज्ञात भारी सहित, (मालिक/बन्धककर्ता का नाम)	कुल बकाया राशि (खातावार) ब्याज सहित दिनांक 30.06.2026 तक)	ई-नीलामी की तिथि ई-नीलामी का समय प्रारंभ समय — से समाप्ति समय	1. आरक्षित मूल्य 2. बयाना राशि (ईएमडी) 3. बोली वृद्धि राशि	स्थावमिल की स्थिति (सांकेतिक / भौतिक)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय
1	शाखा-अकबरपुर 03.07.2026	1.मेसर्स न्यू चांद मोटर्स प्रोप. - मोहम्मद नजमुसाकिब नवाबाज 2.मोहम्मद नजमुसाकिब नवाबाज 3.मो. नेहतसुद्दीन	भूमि एवं भवन का राजिस्टर्ड मौजा: माधोपाड़ा, खाता संख्या 146, खेसरा संख्या 173 एवं 174 (क एवं ख), चानक, हाट, चाई-01 (सर्वे) - सांकेतन यार्ड संख्या 29/28, हॉलिंग संख्या 193/295, मोहल्ला: कराई टोला, कब्रिस्तान रोड, लाइन बाजार, पूर्णिया, जिला- पूर्णिया-854301, बिहार, कुल क्षेत्रफल 8 डेसिमल (लगभग 3484.80 वर्ग फीट), जो मो. नेहतसुद्दीन जिला. पो. दुल्लम बिगहा के नाम पर स्थित है। **सेल डीड संख्या 6384 के अनुसार चौहद्दी:** उत्तर: शेख रजा हुसैन एवं खरीदार, दक्षिण: अली रजा, पूर्व: मसीर आलम एवं मनिरुद्दीन, पश्चिम: खरीदार **सेल डीड संख्या 8716 के अनुसार चौहद्दी:** उत्तर: निज, दक्षिण: शेख जमील आलम, पूर्व: मसीर आलम एवं मनिरुद्दीन, रजा हुसैन लोट संख्या 1, पश्चिम: रजा हुसैन लोट संख्या 2, अमुक्त स्वाक्ष	रू. 20,49,170.30 + अग्रम शुल्क + दिनांक 01-07-2026 से आगे का ब्याज	06-08-2026 06-08-2026 ई-नीलामी का समय: 14:00 से 18:00 बजे तक	1. आरक्षित मूल्य: रू. 30,99,600/- 2. आमंत्रण राशि: रू. 3,09,960/- 3. बोली वृद्धि राशि: रू. 10,000/-	सांकेतिक	दिनांक: 01.08.2026 समय: 10:00 से 17:00
2	शाखा - बांका 03.07.2026	1.मेसर्स हलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्रोप - राजीव कुमार झा 2.राजीव कुमार झा 3.रामानंद झा (गारंटर)	आवासीय भूमि एवं भवन का राजिस्टर्ड मौजा जिसका खाता संख्या 262, खेसरा संख्या 262, मौजा- बौसीरोल, नगर पालिका- बांका, चाई संख्या- 20, थाना संख्या 70, थाना- बांका, जिला- बांका, कुल क्षेत्रफल 0.0085 हेक्टेयर या 900 वर्ग फीट या 02.06 डेसिमल, यह संपत्ति श्री रामानंद झा पिता- सुर्यनारायण झा के नाम पर स्थित है। **चौहद्दी:** उत्तर- पोतांबर झा पति मदन झा, दक्षिण- गरदा, पूर्व- मोहंद झा, पश्चिम- रास्ता	रू. 29,10,467.31 + अग्रम शुल्क + दिनांक 01-07-2026 से आगे का ब्याज	06-08-2026 06-08-2026 ई-नीलामी का समय: 14:00 से 18:00 बजे तक	1. आरक्षित मूल्य: रू. 28,80,000/- 2. आमंत्रण राशि (ईएमडी): रू. 2,88,000/- 3. बोली वृद्धि राशि: रू. 10,000/-	सांकेतिक	दिनांक: 01.08.2026 समय: 10:00 से 17:00
3	शाखा - अररिया 02.07.2026	1.मेसर्स आई की ब्यूरा, प्रोप.-मो.इरशेदुर रहमान 2.मो. इरशेदुर रहमान 3.उमेश शर्मा (गारंटर)	भूमि एवं भवन का सामिक बंधक जिसका खाता संख्या 46, खेसरा संख्या 1563 (क्षेत्रफल 2 एकड़ 15 डेसिमल) - सेल डीड संख्या 8378, दिनांक 29.09.2008 एवं खाता संख्या 46, खेसरा संख्या 1563, क्षेत्रफल 11 डेसिमल - सेल डीड संख्या 8336, तारीख 27.09.2008 यानी कुल क्षेत्रफल 2 एकड़ 26 डेसिमल, मौजा जलिंगोन, थाना संख्या-24, वीडी संख्या- 8/5, थाना- रानीगंज, अररिया-854312 में संपत्ति मो. इरशेदुर रहमान के नाम पर स्थित है। **चौहद्दी:** उत्तर -आर एस प्लॉट संख्या- 1562, दक्षिण - एलएच 327 ई, पूर्व - र एस प्लॉट संख्या 1554, पश्चिम - र एस प्लॉट संख्या 1567 एवं 1571	रू. 1,06,44,450.01 + अग्रम शुल्क + दिनांक 01-07-2026 से आगे का ब्याज	06-08-2026 06-08-2026 ई-नीलामी का समय: 14:00 से 18:00 बजे तक	1. आरक्षित मूल्य: रू. 1,77,39,000/- 2. आमंत्रण राशि (ईएमडी): रू.17,73,900/- 3. बोली वृद्धि राशि: रू. 50,000/-	सांकेतिक	दिनांक: 01.08.2026 समय: 10:00 से 17:00
4	शाखा - बांका 02.07.2026	1. प्रदीप कुमार शर्मा पिता फुलेश्वर शर्मा 2. रेणु देवी पति प्रदीप कुमार शर्मा	1. आवासीय भूमि एवं भवन का पंजीकृत बंधक जिसका खाता संख्या 8, खेसरा संख्या 175, मौजा- हरपुर, अंचल बांका, थाना संख्या 7/2, जमाबंदी संख्या 8, थाना एवं जिला- बांका, कुल क्षेत्रफल 0.095 हेक्टेयर या 10235.66 वर्ग फीट या 23.50 डेसिमल तोसि श्री प्रदीप कुमार शर्मा के नाम पर स्थित है। **चौहद्दी:** उत्तर - किशोरी हरिजन, दक्षिण - रेणु देवी, पूर्व - ईंट चौधरी, पश्चिम - सड़क 2. आवासीय भूमि एवं भवन का पंजीकृत बंधक जिसका खाता संख्या 8, खेसरा संख्या 175, मौजा- हरपुर, अंचल बांका, थाना संख्या 7/2, जमाबंदी संख्या 8, थाना एवं जिला- बांका, कुल क्षेत्रफल 0.095 हेक्टेयर या 10235.66 वर्ग फीट या 23.50 डेसिमल तोसि श्रीमती रेणु देवी पति श्री प्रदीप कुमार शर्मा के नाम पर स्थित है। **चौहद्दी:** उत्तर - चंदेलवी मंडल, दक्षिण - श्रीकांत चौधरी, पूर्व - ईंट चौधरी, पश्चिम - सड़क	रू. 30,74,460.68 + अग्रम शुल्क + दिनांक 01-07-2026 से आगे का ब्याज	06-08-2026 06-08-2026 ई-नीलामी का समय: 14:00 से 18:00 बजे तक	1. आरक्षित मूल्य: रू. 41,67,000/- 2. आमंत्रण राशि (ईएमडी): रू. 4,16,700/- 3. बोली वृद्धि राशि: रू. 10,000/-	सांकेतिक	दिनांक: 01.08.2026 समय: 10:00 से 17:00

बिक्री की विस्तृत शर्तों एवं नियमों के लिए, कृपया वेबसाइट लिंक https://www.bankofbaroda.bank.in/e-auction एवं ऑनलाइन नीलामी पोर्टल Baanknet.com पर जाएं, साथ ही, इच्छुक बोली लगाने वाले अधिकृत अधिकारी से इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं - (शाखा-अकबरपुर-9264296168, शाखा-बांका-9978313553, शाखा-अररिया-8294634935)

दिनांक: 03.07.2026
स्थान: पूर्णिया

विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा

प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा